भोले बाबा ने एसा बजाया डमरू

भोले बाबा ने एसा बजाया डमरू
सारा कैलाश पर्वत मगन हो गया

सुन डमरू की आवाज़ ब्रह्मा चले
जहा ब्रह्मा चले वाहा विषाणु चले
वाहा लक्ष्मी का मन भी मगन हो गया
भोले बाबा ने एसा बजाया डमरू....

सुन डमरू की आवाज़ गंगा चले
जहा गंगा चले वाहा जमुना चले
वाहा सरयू का मन भी मगन
भोले बाबा ने एसा बजाया डमरू....

सुन डमरू की आवाज़ सूरज चले
जहा सूरज चले वाहा चंदा चले
वाहा तारो का मन भी मगन हो गया
भोले बाबा ने एसा बजाया डमरू....

सुन डमरू की आवाज़ गणपत चले
जहा गणपति चले वाहा कार्तिक चले
तब अंबे का मन भी मगन हो गया
भोले बाबा ने एसा बजाया डमरू....

भोले बाबा ने एसा बजाया डमरू
सारा कैलाश पर्वत मगन हो गया

eAstroHelp